हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 11 अगस्त 2026

06 आज पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर घर-घर...



07 श्रीराम मंदिर से निकाली कलश यात्रा में श्रद्धालु शामिल हुए...



खबर संक्षेप

अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू

सीहोर। उच्च शिक्षा के लिए छात्राओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति योजना के तहत वर्ष 2026-27 के प्रथम चरण के लिए आवेदन की प्रक्रिया 10 अगस्त 2026 से प्रारंभ हो गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पूरी तरह निःशुल्क है तथा आवेदन के किसी भी चरण पर किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति के तहत मध्य प्रदेश में वर्ष 2024-25 में 18 हजार से अधिक छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई, जिसमें सीहोर जिले की 832 छात्राएं लाभान्वित हुईं। वहीं वर्ष 2025-26 में प्रदेश की 53 हजार 300 से अधिक छात्राओं को छात्रवृत्ति मिली, जिसमें सीहोर जिले की 1588 छात्राएं शामिल हैं। योजना के तहत ऐसी छात्राएं पात्र हैं, जिन्होंने सरकारी स्कूल से कक्षा 10वीं और 12वीं की पढ़ाई की हो तथा किसी प्रमाणिक उच्च शिक्षा संस्थान में डिग्री या डिप्लोमा कार्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया हो। प्रमाणिक उच्च शिक्षा संस्थानों में सभी सरकारी संस्थान तथा चयनित निजी उच्च शिक्षा संस्थान शामिल हैं। यह छात्रवृत्ति निर्धारित पात्र राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की छात्राओं के लिए उपलब्ध है, जिसमें मध्य प्रदेश भी शामिल है।

पर्व की तैयारी के लिए लगाई ड्यूटी

सीहोर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जिला स्तरीय समारोह सीहोर के परेड ग्राउंड पर आयोजित होगा। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह की आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी अधिकारियों को कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होकर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

अभियान के तहत निकाली गई तिरंगा रैली

सीहोर। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद एवं नवांकुर संस्था कचनारिया द्वारा ग्राम पंचायत मुंडला खुर्द एवं ग्राम कचनारिया में ट्रैक्टर के माध्यम से भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। इस अवसर पर सभी ने तिरंगे के सम्मान एवं राष्ट्र की एकता, अखंडता तथा गौरव को बनाए रखने का संदेश दिया। ब्लॉक समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर ने कहा कि तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज ही नहीं, बल्कि देश की एकता, संप्रभुता और गौरव का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करते हुए राष्ट्रहित में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करे। तिरंगा रैली के दौरान ग्रामवासियों में देशभक्ति एवं राष्ट्र प्रेम की भावना देखने को मिली। ग्रामीणों एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक रैली में सहभागिता की। इस दौरान भारत माता के जयघोष एवं देशभक्ति के नारों से गांव का वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया।

सीहोर में रोजगार मेला 11 अगस्त को

सीहोर। युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 11 अगस्त को प्रातः 11 बजे सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। रोजगार में मेले में लगभग विभिन्न कंपनियों द्वारा पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। इसी प्रकार जिला व्यापार उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित कर नये प्रकरण तैयार किये जाएंगे।



सीजन में पहली बार आफत भरी बारिश, सीहोर में 7 तो श्यामपुर में 8 इंच बारिश दर्ज

मूसलाधार बारिश से नदी-नाले उफने: एसडीआरएफ और 108 टीम बनी देवदूत, सुरक्षित कराई गर्भवती की डिलीवरी

अहमदपुर के भीलाखेड़ी नदी के पास मकान में फंसे 5 बच्चों सहित 10 लोगों का किया रेस्क्यू

प्रशासन पूरी तरह अलर्ट, कलेक्टर बालागुरु ने नागरिकों से की सतर्क रहने की अपील। सुरक्षा के मद्देनजर स्कूलों में घोषित रहा अवकाश, निचले इलाकों में निगरानी तेज। सुबह 9 बजे के बाद थमी बारिश, लेकिन दिनभर आसमान में छाए रहे काले बादल। जलप्रपातों, रपटों और जलभराव वाले क्षेत्रों में तैनात रहे सुरक्षा कर्मचारी।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/अहमदपुर

जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान हुई मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। बीती रात 12 बजे से शुरू हुए बारिश के दौर से महज 5 घंटों के भीतर ही पूरा सीहोर शहर और श्यामपुर क्षेत्र जलमग्न हो गया। हालांकि सुबह 12 बजे के बाद बारिश का दौर थम गया और दिनभर आसमान में काले बादल छाए रहे, लेकिन तब तक नदी-नाले उफान पर आ चुके थे। आफत की इस बारिश के बीच जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर आ गया है। सुरक्षा के मद्देनजर कलेक्टर बालागुरु के. ने जिले के स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया और अधिकारियों को मैदानी स्तर पर मुस्तैद रहने के निर्देश जारी किए हैं।

बता दें भीषण जलप्रलय के बीच जमनी गांव में एक भावुक कर देने वाली घटना सामने आई। गांव की एक गर्भवती महिला को प्रसूति के लिए जिला अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में पडने वाला नाला उफान पर होने से आवागमन पूरी तरह ठप्प हो चुका था। महिला की बिगड़ती सांसों को देख 108 एम्बुलेंस के ईएमटी सुभाष सेन, पायलट कमल सिंह मालवीय और एसडीआरएफ की टीम ने देवदूत बनकर मोर्चा संभाला। उफनती लहरों की परवाह किए बिना टीम ने अपनी जान जोखिम में डालकर महिला को सुरक्षित नाला पार कराया और समय रहते अस्पताल पहुंचाया, जहां अब जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं।

सड़कें बंद, मकान ढहे, सरकारी दफ्तर डूबे

बारिश का सबसे भीषण असर सीहोर और श्यामपुर तहसील में देखने को मिला। सीवन नदी चद्दर पुल के ऊपर से बहने लगी और सीटू नाला मछली पुल को पार कर गया। इसके चलते श्यामपुर बस स्टैंड, दोराहा जोड़, सीहोर मंडी, चरनाल-हिंगोनी, श्यामपुर-घाटपलासी और अहमदपुर मार्ग पूरी तरह बंद हो गए। इधर श्यामपुर, चरनाल, झरखेड़ा, छतरी और खंडवा के कई मकानों में पानी भर गया, जबकि छापरी दोराहा और वनखेड़ा में दो कच्चे मकान ढह गए। जिला मुख्यालय पर बिजली कंपनी का जोन-2 कार्यालय, 33 केवी सब-स्टेशन और स्टेशन रोड स्थित मां मनसा देवी मंदिर परिसर भी पूरी तरह जलमग्न हो गया। शहर के इंहिग्लशपुरा कोटक महिंद्रा बैंक के सामने जर्जर दीवार एक कार पर जा गिरी।

श्यामपुर 8 इंच तो सीहोर में 7 इंच बारिश

बता दें जिले भर में पिछले 24 घंटों के दौरान हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को खासा प्रभावित किया है। भू-अभिलेख विभाग द्वारा 10 अगस्त को जारी आंकड़ों के अनुसार जिले में बीते 24 घंटों के भीतर औसतन 3.96 इंच बारिश दर्ज की गई है। इस दौरान सबसे अधिक बारिश श्यामपुर तहसील में दर्ज की गई, जहां 8.27 इंच पानी बरसा। वहीं जिला मुख्यालय सीहोर में 6.69 इंच बारिश हुई है। अन्य तहसीलों में दर्ज आंकड़ों की बात करें तो रेहटी में 4.67 इंच, बुधनी में 4.09 इंच, भेरूंदा में 3.23 इंच, इछावर में 3.03 इंच, आष्टा में 1.38 इंच तथा जावर में 0.35 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई है।

महिला को पहुंचाया अस्पताल



सीहोर तहसील के ग्राम पड़ली में प्रशासन की तत्परता और सजगता से एक गर्भवती महिला को सुरक्षित रेस्क्यू कर समय पर अस्पताल पहुंचाया गया। लगातार बारिश के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के बीच महिला को अस्पताल पहुंचाने में परेशानी आ रही थी। प्रशासन द्वारा होमगार्ड की रेस्क्यू बोट की सहायता से गर्भवती महिला को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

हाइवे पर पानी का तेज बहाव



देवास-भोपाल कॉरिडोर प्राइवेट लिमिटेड के देवास-भोपाल फोरलेन पर फंदा -खजूरी से विरायु रोड के बीच भारी बारिश के बाद सड़क के ऊपर से पानी का तेज बहाव देखने को मिला। लगातार बारिश के चलते प्रकृति के प्रकोप का असर फोरलेन पर भी दिखाई दिया। सड़क पर बहते पानी के कारण वाहन चालकों को सतर्कता के साथ आवागमन करना पड़ा।

बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों के हालात

- अहमदपुर की पुरानी बस्ती में नदी का पानी पहुंचा; पंचायत भवन और दोनों आंगनवाड़ी केंद्र में पानी घुस गया है गांव की आदि आबादी में बारिश के पानी से अहमदपुर में कई जगह पर नुकसान हुआ है।
- बीती रात हुई तेज बारिश के कारण करीब 84 ग्रामों का आवागमन प्रभावित होने की सूचना है। कई स्थानों पर सड़कें और संपर्क मार्ग पानी में डूब गए हैं, जबकि कुछ गांवों का अन्य क्षेत्रों से संपर्क पूरी तरह बाधित बताया जा रहा है।
- बारिश के कारण कई निचले इलाकों में पानी भर गया है लोगों के घरों में भी पानी घुसने की खबर सामने आई है। स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। स्थानी लोगों के अनुसार, लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण हालात और गंभीर होने की आशंका बनी हुई है।
- अहमदपुर करबे की पुरानी बस्ती में नदी का पानी पहुंचने से स्थिति चिंताजनक हो गई है। जलस्तर बढ़ने के कारण कई स्थानों पर पानी भर गया।
- अहमदपुर में संचालित निजी सहयोग हॉस्पिटल में बारिश के कारण मेडिकल की दवाइयां पानी में तैरती हुई नजर आई पूरे अस्पताल परिसर के नीचे पानी ही पानी हो गया।
- अहमदपुर अंतर्गत आने वाले ग्राम बनखेडा में कुछ लोग पानी की वजह से घर में फंस गए थे अहमदपुर पुलिस ने उन्हें सुरक्षित निकाला साथ ही अहमदपुर बनखेडा में दो कच्चे मकान बारिश के कारण गिर गए।
- पड़ियाला के गोपालपुरा में कुछ लोगों के फंसने की खबर सामने आई। सारी ओर से रास्ता बंद होने के कारण रेस्क्यू टीम वहां पर नहीं पहुंच पाई जैसे ही छोटी-छोटी पुलियों का पानी कम हुआ तब कहीं जाकर परिजन सुरक्षित बाहर है, अहमदपुर थाने से निकली पुलिस की टीम गोपालपुर नहीं पहुंच पाई रास्ता बंद होने के कारण कई घंटे खड़े होकर पानी कम होने का इंतजार करना पड़ा।
- रात भर से रुक रुक कर तेज बारिश के चलते सीहोर जिले के ग्राम सोठी स्थित गुफा मंदिर पानी में डूबा.. मंदिर के ठीक बगल से गुजरी नदी उफान पर बताई जा रही है।

सीटू नाले पर बन रही रिटर्निंग वॉल ने रोका तबाही का पानी



मूसलाधार बारिश के बीच शहरवासियों के लिए राहत की एक बड़ी खबर भी सामने आई है। नगर पालिका द्वारा सीटू-2 नाले पर बनाई जा रही रिटर्निंग वॉल ने इस बार शहर के एक बड़े हिस्से को डूबने से बचा लिया। हालांकि इस सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य अभी आधा-अधूरा ही हुआ है, लेकिन सीजन की पहली ही भारी बारिश में यह अधूरी दीवार भी क्षेत्रवासियों के लिए वरदान साबित हुई। स्थानीय निवासियों के अनुसार हर साल इतनी भीषण बारिश होने पर शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र और रानी मोहल्ला के घरों तथा दुकानों में नाले का पानी भर जाता था, जिससे लाखों का नुकसान होता था। यदि इस बार यह रिटर्निंग वॉल नहीं बनी होती तो उफनते नाले का पानी सीधे बाजारों और रिहायशी इलाकों में तबाही मचाता। अधूरी होने के बावजूद इस दीवार ने पानी के तेज बहाव को रोककर शहर को जलमग्न होने से बचा लिया, जिससे स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने बड़ी राहत की सांस ली है।

मकान ढहने पर विधायक ने दी आर्थिक सहायता राशि



अहमदपुर क्षेत्र में लगातार हुई बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया। ग्राम वनखेड़ा में बारिश के कारण चार मकान ढह गए। विधायक प्रतिनिधि राजकुमार रिंकु जायसवाल ने मौके पर पहुंच कर लोगों की समस्याएं सुनीं और पीड़ित परिवारों को तत्काल पांच-पांच हजार रुपए की आर्थिक मदद दी। श्री जायसवाल ने बताया कि बारिश के कारण सीहोर विधानसभा के श्यामपुर, चरनाल और अहमदपुर क्षेत्र के कई गांव प्रभावित हुए हैं। विधायक सुदेश राय ने ग्राम नवखेड़ा के लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, संतोष श्रीवास्तव, लालाराम चौकीदार और रमा बाई को पांच पांच हजार रुपए की आर्थिक मदद दी। साथ ही शासन की ओर से मिलने वाली सहायता राशि दिलाने के लिए कहा है।

अब तक कहां कितनी बारिश

इस मानसूनी सीजन में 1 जून से लेकर अब तक जिले की कुल औसत बारिश का आंकड़ा 24.33 इंच तक पहुंच गया है, जबकि पूरे मानसून सीजन की जिले की सामान्य औसत वर्षा 45.21 इंच मानी जाती है। अब तक हुई कुल बारिश के आंकड़ों पर नजर डालें तो रेहटी तहसील 27.59 इंच बारिश के साथ जिले में सबसे आगे है। इसके अलावा सीहोर में 25.98 इंच, बुधनी में 25.28 इंच, आष्टा में 24.49 इंच, भेरूंदा में 24.13 इंच, इछावर में 23.74 इंच, श्यामपुर में 23.36 इंच तथा जावर तहसील में अब तक 20.04 इंच वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

अगले 24 से 48 घंटे भारी बारिश का अलर्ट

जिले में 1 जून से अब तक औसतन 24.33 इंच बारिश दर्ज हो चुकी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मध्य प्रदेश के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र और चक्रवाती घेरा सक्रिय है। मौसम विभाग ने अगले 24 से 48 घंटों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी दी है।

कुलासी नदी उफनी, एक दर्जन गांवों का सड़क संपर्क टूटा, खेतो में भरा पानी



क्षेत्र में तेज बारिश के बाद कुलासी नदी भी उफान पर आ गई। नदी का पानी आसपास के इलाकों तक पहुंचने से करीब एक दर्जन गांवों का सड़क संपर्क प्रभावित हुआ। कई ग्रामीण रास्तों पर पानी और तेज बहाव के कारण आवागमन रोकना पड़ा। किसानों के खेतों में भी पानी पहुंचने की जानकारी सामने आई है। ग्रामीणों को आशंका है कि यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा तो नदी का पानी और आसपास के घरों तक पहुंच सकता है।

हाथीघाट की अंबड़ नदी के रपटे पर हुआ हादसा, तेज बहाव में बहा युवक, दो युवकों ने अपनी जान जोखिम में डालकर बचाई जिंदगी



भैरूंदा। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बीच लापरवाही एक बड़ी घटना का कारण बनते-बनते रह गई। रविवार रात करीब 8 बजे हाथीघाट स्थित अंबड़ नदी के रपटे पर एक युवक तेज बहाव में बह गया, जिसे मौके पर मौजूद दो युवकों ने अपनी जान जोखिम में डालकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जानकारी के अनुसार सीहोर नाका, भैरूंदा निवासी सुरेश सोनी चकल्दी से काम कर वापस लौट रहे थे। इस दौरान जब वे अंबड़ नदी के रपटे पर पहुंचे, तब वहां पानी का तेज बहाव चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने उन्हें आगे बढ़ने से रोकते हुए कई बार चेतावनी दी, लेकिन उन्होंने सलाह को नजरअंदाज करते हुए अपनी बाइक पानी में उतार दी। जैसे ही बाइक रपटे के बीच पहुंची, तेज बहाव के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया और वे बाइक सहित बहने लगे। कुछ ही क्षणों में स्थिति गंभीर हो गई और उनकी जान पर बन आई। मौके पर मौजूद लोग यह दृश्य देखकर घबरा गए। इसी दौरान वहां उपस्थित महेश कुशवाह और रूपेश कुशवाह ने साहस का परिचय देते हुए बिना देर किए उफनती नदी में छलांग लगा दी। दोनों युवकों ने तेज धार से जूझते हुए काफी मशक्कत के बाद सुरेश सोनी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

सीवन और पार्वती नदी में बढ़ा जलस्तर, प्रशासन अलर्ट





सीहोर। जिले की सीवन और पार्वती नदी में भी बारिश के बाद जलस्तर बढ़ गया। सीवन नदी के चद्दर पुल पर पानी ऊपर से बहता रहा। सावन के चलते सीवन नदी से जल लेकर बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री कुबेरेश्वर धाम की ओर जा रहे हैं। ऐसे में नदी का बढ़ता जलस्तर प्रशासन के लिए अतिरिक्त चुनौती बन गया है। लोगों को नदी, नालों और रपटों के पास जाने से बचने की सलाह दी गई है।बिजली कार्यालय और सब-स्टेशन भी पानी में घिरेतेज बारिश का असर जिला मुख्यालय के सरकारी और सार्वजनिक संस्थानों पर भी पड़ा। विद्युत वितरण कंपनी का जोन-2 कार्यालय और 33 केवी सब-स्टेशन परिसर जलमग्न हो गया। स्टेशन रोड स्थित मां मनसा देवी मंदिर परिसर में भी पानी घुस गया। शहर के कई निचले हिस्सों में जलभराव के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

खबर संक्षेप

मानसी ने प्रतियोगिता में हासिल किया गोल्ड



रेहटी। मात्र दस साल की उम्र में कराटे में शानदार प्रदर्शन करने वाली मानसी यादव ने देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित नेशनल कराते प्रतियोगिता में गोल्ड हासिल किया। जिले के रेहटी रतनपुर की 17 वर्षीय बेटी भोपाल के ताल्या टोपे स्टेडियम में कोच कुलदीप गुर्जर और दीपक सिंह नरवरिया के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। मानसी ने दस साल की उम्र में ही ब्लाक और जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। रतनपुर की 17 वर्षीय बेटी मानसी यादव ने दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया इंडिपेंडेंस कप कराते चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर अपने गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मानसी, राजाराम यादव और मनीषा यादव की बेटी हैं। मानसी ने प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने मानसी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मानसी यादव सीहोर में पदस्थ पटवारी नीलेश यादव की भांजी हैं। मानसी की इस उपलब्धि पर नीलेश यादव सहित परिवार के सदस्यों ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि मानसी ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल परिवार बल्कि रतनपुर और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मानसी की इस सफलता से क्षेत्र के अन्य बच्चों और युवाओं को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

सावन शिवरात्रि पर गूंजेंगे हर-हर महादेव के जयकारे

आज पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर घर-घर होगा पार्थिव शिवलिंग का निर्माण

शाम 7 से 8 बजे तक होने वाले ऑनलाइन अनुष्ठान में एक अरब से अधिक श्रद्धालुओं के जुटने का अनुमान है, जबकि सीवन तट से कुबेरेश्वरधाम तक आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सावन मास के पवित्र अवसर पर आगामी 11 अगस्त को शाम 7 बजे से 8 बजे तक देशभर के शहरों की रफ्तार थम जाएगी। अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर इस दिन समूचा भारत और पूरा विश्व एक घंटे के लिए पूरी तरह शिवभक्ति में डूबा नजर आएगा। इस विशेष सावन शिवरात्रि के अवसर पर विश्वभर के श्रद्धालु अपने-अपने घरों में पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे। सीहोर के प्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम से पंडित प्रदीप मिश्रा ऑनलाइन पार्थिव शिवलिंग अभिषेक संपन्न कराएंगे, जिससे जुड़कर देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालु एक साथ महादेव की आराधना करेंगे। विठलेश सेवा समिति के अनुसार, पिछले करीब 10 वर्षों से श्रद्धालु इस अनूठी ऑनलाइन पूजा में लगातार शामिल होते आ रहे हैं, जो सनातन आस्था का एक ऐतिहासिक स्वरूप बन चुका है।

पार्थिव शिवलिंग पूजन-अभिषेक के लिए सामग्री निर्धारित

श्रावणी शिवरात्रि के अवसर पर 11 अगस्त को शाम 7 बजे आयोजित ऑनलाइन पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं अभिषेक के लिए पूजन सामग्री निर्धारित की गई है। पूजन के लिए एक लोटा जल, गेहूं के 21 दाने, 5 कमल गट्टे, 108 अक्षत चावल, 21 काली मिर्च, काले तिल, धतूरा, 7 बेलपत्र, 7 शमी पत्र और फूल-गुलाब रखें। अभिषेक के लिए दूध, दही, शहद, घी, शक्कर, इत्र, गंगाजल, चंदन, सुपारी, रोली, चावल, मौली, कपूर, घी के दीपक, जनेऊ, लौंग, इलायची, हल्दी, पान, सुपारी, फल, मिठाई और धूपबत्ती शामिल हैं।

पिछले साल बने थे कई रिकॉर्ड

पिछले कुछ वर्षों से पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर सावन शिवरात्रि की शाम को करोड़ों पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर पूजन किया जा रहा है। पिछले साल इस ऑनलाइन पार्थिव शिवलिंग पूजन में करीब 82 करोड़ शिवभक्तों ने हिस्सा लिया था, जबकि वर्ष 2021 में इस अनुष्ठान से 73 करोड़ श्रद्धालु जुड़े थे। इस वर्ष भक्तों में पिछले सालों से भी दोगुना उत्साह देखने को मिल रहा है। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने जानकारी दी है कि इस बार 11 अगस्त को एक अरब से अधिक सनातनी इस ऑनलाइन पार्थिव शिवलिंग पूजन और अनुष्ठान में शामिल होंगे। घरों से लेकर मंदिरों तक हर तरफ 'श्री शिवाय नमस्तुभ्यं', 'हर हर महादेव' और 'जय शिव शंकर' के जयकारे गूंजेंगे, जिससे पूरा वातावरण पूरी तरह से शिवमय हो जाएगा।

महादेव मंदिर में उमड़ रही भारी भीड़


जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में इन दिनों भारी संख्या में भक्तों का तांता लगा हुआ है। हर रोज दूर-दूर से आ रहे श्रद्धालु कांवड़ लेकर पहुंच रहे हैं और भगवान शिव की भक्ति में सराबोर होकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। मंदिर परिसर और आसपास का पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया है। सावन मास की इस पावन बेला में देश के अलग-अलग कोनों से आ रहे शिवभक्तों की श्रद्धा देखते ही बनती है। कुबेरेश्वर धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने और उनकी सुविधाओं का ध्यान रखने के लिए समिति और स्थानीय प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि किसी को भी किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सावन मास में सीवन नदी के पवित्र तट से लेकर प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम तक इन दिनों आस्था का महासागर दिखाई दे रहा है। सोमवार को ही डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्तिभाव के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया। सावन मास में अब तक लगभग 12 लाख से अधिक श्रद्धालु कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त कर चुके हैं। श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती हुई इस संख्या को देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि इस वर्ष सावन और भादो मास के दौरान 50 लाख से अधिक श्रद्धालु कुबेरेश्वरधाम पहुंचेंगे। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले कांवड़िए सीवन नदी तट से पवित्र जल लेकर पैदल ही कुबेरेश्वरधाम की ओर रवाना हो रहे हैं, जिससे पूरा मार्ग भक्ति और समर्पण का अद्भुत संगम बन गया है।

जगह-जगह सजे सेवा पंडाल

सीवन नदी तट से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक के पूरे मार्ग पर कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं की सेवा के लिए अनेक स्थानों पर सामाजिक तथा धार्मिक संगठनों द्वारा भव्य सेवा पंडाल लगाए गए हैं। इन सेवा पंडालों में श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, चाय, नाश्ता, फलाहार और महाप्रसादी की उत्तम व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही, विठलेश सेवा समिति की ओर से भी कुबेरेश्वरधाम में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए निरंतर निशुल्क भोजन प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। सेवा कार्यों में जुटे स्वयंसेवक पूरी तल्लीनता से शिवभक्तों की सेवा में लगे हुए हैं, जिससे तीर्थ पथ पर चलने वाले हर एक यात्री को आत्मीयता और सुखद अनुभूति प्राप्त हो रही है।

स्कूल में अटेंडेंस लगाकर तहसील में बाबूगिरी कर रहा शिक्षक

डीपीआई के निर्देशों की अनदेखी



हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

सरकारी स्कूलों में शिक्षक सहित अन्य स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए लागू की गई ई - अटेंडेंस व्यवस्था का तहसील मुख्यालय पर ही किस तरह मखौल उड़ाया जा रहा है। इसका अंदाजा नगर के सरकारी मिडिल स्कूल क्रमांक 2 से लगाया जा सकता है। दरअसल स्कूल में पदस्थ भृत्य विनोद लंबे समय से तहसील कार्यालय में अटेच होकर कम्प्यूटर आपरेटर का काम कर रहे है।

डीपीआई और जिला कलेक्टर के अटेचमेंट खत्म करने के आदेश के बाद यह ई - अटेंडेंस लगाने स्कूल परिसर में तो पहुंचते, लेकिन अटेंडेंस लगने के चंद सेकेंड में ही यह स्कूल से नदारद हो जाते है। इसके बाद पूरा दिन तहसील कार्यालय में कम्प्यूटर कार्य करते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि यह सब वरिष्ठ अधिकारियों की नाक के नीचे हो रहा है , लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। नगर के सरकारी मिडिल स्कूल क्रमांक 2 में भृत्य के पद पर पदस्थ विनोद पिछले 3 साल से तहसील कार्यालय में अटेच है। यह तहसीलदार के बाबू के पास कम्प्यूटर आपरेटर का काम करते हैं। भृत्य का अटेचमेंट तहसील कार्यालय में होने से स्कूल में साफ - सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही है। भृत्य ई-अटेंडेंस लगाने स्कूल परिसर में जाते तो है , लेकिन अटेंडेंस लगाने के चंद सेकेंड बाद ही तहसील कार्यालय में पहुंच जाते हैं और पूरा दिन वही कम्प्यूटर कार्य करते हैं। बच्चों का कहना है कि प्यून नहीं होने के कारण स्कूल की साफ सफाई उन्हीं को करनी पड़ती है। इस संबंध में भृत्य का कहना है कि वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर ही वह वर्ष 2023 से तहसील कार्यालय में ही अटेच है। अटेंडेंस लगाने वह सुबह-शाम स्कूल जाते हैं।

गौरतलब है कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा आदेश जारी कर सभी प्रकार के अटेचमेंट समाप्त कर शिक्षक सहित समस्त स्टाफ को मूल पदस्थापना वाले स्कूलों में कार्य करने के निर्देश दिए गये थे। साथ ही स्कूल परिसर से 100 मीटर की परिधि में हमारे शिक्षक एप के माध्यम से स्कूल आने और जाने के समय आनॅलाइन उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य किया गया है। विनोद इसके बावजूद तहसील क्षेत्र में कई कर्मचारी विभिन्न कार्यालयों में अटेच होकर विभागीय कार्यों में लगे हुए हैं। डीईओ शीलू शर्मा ने बताया कि समस्त अटेचमेंट समाप्त कर दिए गए हैं , यदि संबंधित कर्मचारी मूल पदस्थापन स्कूल में कार्य नहीं कर रहे हैं तो जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

चुनाव और सदस्यता अभियान को लेकर जिला स्तरीय बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला कांग्रेस कार्यालय में छात्र संघ चुनाव एवं एनएसयूआई के 10 अगस्त से प्रारंभ होने जा रहे सदस्यता अभियान को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई।एनएसयूआई साथियों को फॉर्म वितरित किए गए। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती एनएसयूआई जिला अध्यक्ष हरिओम सिसोदिया ने छात्र संघ चुनाव की तैयारियों एवं संगठन को मजबूत करने को लेकर विस्तृत चर्चा की। आह्वान किया कि हमारा संकल्प है की सीहोर जिला पूरे मध्यप्रदेश में अधिक से अधिक सदस्य बनाए और अधिक से अधिक विद्यार्थियों एवं युवाओं को संगठन से जोड़ते हुए छात्र हितों की मजबूत आवाज बने। बैठक में आगामी सदस्यता अभियान के फॉर्म जारी किए गए। बैठक में मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा तुलसी राठौर कृष्णकांत रिछारिया सदस्यता अभियान प्रभारी यश यादव पूर्व प्रदेश सचिव अंशु ठाकुर, पूर्व विधानसभा छात्र नेता तनीष त्यागी अध्यक्ष करण भैरव,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दीपक गोस्वामी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष पवन ठाकुर छात्र नेता विजय सोलंकी तनिश त्यागी सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पार्वती का जल लेकर आए कांवड़ियों ने कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अच्छी बारिश की कामना को लेकर एक दर्जन से अधिक गांव के महिला-पुरुष पार्वती नदी का जल लेकर रविवार को ग्राम पार्वती से रवाना हुए। इस दौरान रास्ते में पड़ने वाले दर्जनों गांव के लोग यात्रा का स्वागत करने के साथ ही कांवड यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान ग्राम मूडलाकला में मुस्लिम समाज के लोगों ने कांवड़ यात्रा का स्वागत किया। कुबेरेश्वर धाम के मुख्य द्वार के पास गुड़भेला में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के पुत्र विष्णु वर्मा राकेश वर्मा सतीश वर्मा लक्ष्मी नारायण वर्मा ने कांवड़ियों का स्वागत किया। जत्थे में शामिल डा. पूरण सिंह ने बताया कि यात्रा में हमारे आस पास के लोगों की खुशहाली के साथ अच्छी फसल और बारिश की कामना की है, ताकि किसान को अच्छी पैदावार मिल सके। हमारे पास भी पानी की कमी न रहे। नदी तालाब सब भरे रहे। निकली कांवड यात्रा का नगर के प्रमुख मार्गों पर जगह-जगह-स्वागत किया गया।

गर्ल्स स्कूल के पास बुलेट साइलेंसर से पटाखे फोड़ने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई



रेहटी। गत दिवस रेहटी थाना प्रभारी हिमलेन्द्र पटेल के नेतृत्व में पुलिस ने मातलियाखेड़ा निवासी युवक सगीर खान को मॉडिफाइड बुलेट के साथ पटाखे फोड़ते हुए पकड़ा। युवक सगीर खान को लेकर शिकायत थी कि वह गर्ल्स स्कूल के पास अक्सर छुट्टी के समय अपनी बुलेट गाड़ी से पटाखे फोड़ते हुए निकलता है। रेहटी थाना पुलिस ने युवक पर चालानी कार्रवाई करते हुए उसे हिदायत भी दी। पुलिस ने युवक सगीर खान की बुलेट का साइलेंसर भी बदलवाया और उस पर चालानी कार्रवाई की। पुलिस की इस कार्रवाई से ऐसे लोगों में हड़कंप है, जो सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की हरकतें करते हैं।

बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

सीहोर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया ने बताया कि वर्षा ऋतु में सर्दी, खांसी, बुखार, वायरल संक्रमण, दस्त, उल्टी, टाइफाइड एवं अन्य जलजनित और खाद्यजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इन बीमारियों से बचाव के लिए नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। होने वाली इन बीमारियों से बचाव के लिए ताजा एवं स्वच्छ भोजन का ही सेवन करें।

विश्व आदिवासी दिवस पर निकाला चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को नगर में आदिवासी समाज द्वारा विशाल एवं भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया। यह चल समारोह सीहोर रोड स्थित महक वाटिका गार्डन से दोपहर करीब 3.30 बजे प्रारंभ हुआ और नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए शाम करीब 6.30 बजे कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचकर संपन्न हुआ।

बारिश के बीच भी लोग पूरे जोश और उमंग के साथ आगे बढ़ते रहे। जैसे-जैसे बारिश तेज होती गई, वैसे-वैसे प्रतिभागियों का उत्साह भी दोगुना होता नजर आया। यह दृश्य पूरे नगर के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा और लोगों ने इस अद्भुत जज्बे की सराहना की।चल समारोह में शामिल लोग पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे नजर आए। कई युवा हाथों में तीर-कमान लिए हुए थे, जो आदिवासी संस्कृति की पहचान को दर्शा रहे थे। ढोल-नगाड़ों की थाप और पारंपरिक गीतों की धुन पर युवक-युवतियां नृत्य करते हुए आगे बढ़ते रहे। पूरे मार्ग में सांस्कृतिक उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा।नगर के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के साथ-साथ आम नागरिकों ने चल समारोह का भव्य स्वागत किया। आयोजन ने न केवल आदिवासी समाज की संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित किया, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी संदेश दिया। चल समारोह के दौरान यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विशेष स्वागत किया गया। कंपनी प्रतिनिधियों ने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक योगदान देश की अमूल्य धरोहर है, जिसका सम्मान और संरक्षण करना सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों में सहयोग जारी रखने की बात कही। इस भव्य चल समारोह ने भैरूंदा नगर में सांस्कृतिक गौरव, परंपरा और सामूहिक एकता का सशक्त संदेश दिया। बारिश के बावजूद उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रमाण रहा कि आदिवासी समाज अपनी संस्कृति और पहचान को लेकर कितना सजग और समर्पित है।

हजारों युवाओं ने लिया विश्व आदिवासी दिवस पर संकल्प

नशे से दूर रहेंगे, परंपराओं को जीवित रखेंगे, पढ़ेंगे लड़ेंगे जीतेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हजारों युवाओं ने विश्व आदिवासी दिवस पर नशे से दूर रहेंगे,परंपराओं को जीवित रखेंगे,पढ़ेंगे लड़ेंगे जीतेंगे का संकल्प लिया। बाल विहार मैदान पर हुई आमसभा में वक्ताओं ने सरकार को जमकर घेरा। आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर ने नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता की अनुशंसा पर शहर में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने, और आदिवासी समाज के लिए धर्मशाला बनाने के लिए भूमि उपलब्ध कराने और निर्माण कार्य करने की घोषणा की।

जय आदिवासी युवा शक्ति और सर्व आदिवासी समाज ने शहर में विशाल चल समारोह निकाला । पारंपरिक वेशभूषा में तीर कमान ढोल मादान लेकर दस हजार से अधिक युवक युवती बुजुर्ग बच्चों के साथ चल समारोह में शामिल हुए। विश्व आदिवासी दिवस रविवार को शहर में हर्षोल्लास से मनाया गया।एक तीर, एक कमान, सभी आदिवासी, एक समान और जय जोहार का नारा शहर में गूंज उठा। जय आदिवासी युवा शक्ति और सर्व आदिवासी समाज के द्वारा बाल विहार मैदान से अटल बिहारी वाजपेई चौराहा, बड़ा बाजार पन चौराहा कोतवाली चौराहा, इंग्लिश पुरा रोड से भोपाल नाका कॉलेज मैदान तक विशाल चल समारोह निकाला गया । चल समारोह में विभिन्न अलग-अलग तालियां में आदिवासी छात्र-छात्राएं नाश्ते गाते हुए चल रहे थे। चल समारोह में तीर कमान भला लिए बुजुर्ग आकर्षण का केंद्र बने रहे। बच्चे बूढ़े और जवान पारंपरिक कपड़ों में सजे धजे दिखाई दिए। पारंपरिक वेशभूषा और साजों सामान के साथ आदिवासी समाज में उत्साह का माहौल बना रहा। बाल विहार मैदान में आयोजित सामाजिक सभा में समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं विशिष्ट जनों का शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह और संविधान की पुस्तक भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैलाश जमाले के द्वारा की गई।आमसभा को बी एस जामोद सचिव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, डॉ ओमप्रकाश धुर्वे प्रोफेसर कृषि विभाग, मति निर्मला सुनिल बारेला अध्यक्ष आदिवासी वित्त एवं विकास निगम, प्रहलाद सस्त्या सहायक कृषि निदेशक एडीए कषि विभाग, विपिन सास्ता उपाध्यक्ष नगर पालिका सीहोर, प्रताप सिंह राजकलाम शिक्षक, गेंदराम पटेल अध्यक्ष बारेला समाज, दिनेश जामले सैनिक भारत सरकार, बाबूलाल मालवीय अजाक्स जिलाध्यक्ष सीहोर कमल कीर, सुनिल कटारा अध्यक्ष आदिवासी विकास परिषद सीहोर, कमलेश दोहरे, कृष्णा सूर्यवंशी सामाजिक कार्यकर्ता, इंदरसिंह पटेल बावड़ियां चोर, दिपक नावड़े ब्लाक अध्यक्ष जयस आष्टा, गुलाब सिंह मोरी अध्यक्ष जय आदिवासी कोरक समाज युवक मंडल बोरदीकला, जगन पटेल ब्लाक अध्यक्ष बारेला समाज इछावर, देवीसिंह पटेल नादान, निशा भवरसिंह जनपद सदस्य भैरूंदा ने संबोधित किया। जय आदिवासी युवा शक्ति और सर्व आदिवासी समाज के दिलीप सिंह बारेला,मनीष जमरे अरविंद जमरे, विनोद बारेला, दयाराम, सीताराम, लिलेश, साईं सिंह,विनोद सेमबिया मनीष जामले अरविंद जमरे सीताराम बारिया सुरपालसिंह डावर लिलेश कनासीया सायसिंह डुडवे दयाराम सोलंकी रवि सोलंकी का आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

फुटबॉल के एक तरफा मुकाबले में सेंट एनिस ने शारदा स्कूल को 3-0 से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही जिला स्तरीय इंटर स्कूल फुटबाल प्रतियोगिता में रविवार को पहले मैच में सेंट एनिस ने शारदा स्कूल टीम को एक तरफा मुकाबले में 3-0 के अंतर से और दूसरे मैच में सेंट मेरी स्कूल को लूर्द माता स्कूल ने 1-0 से हराया। इस मौके पर सीनियर खिलाडी अरुण राठौर, सचिव मनोज कन्नोजिया, मनोज दीक्षित मामा, विजेन्द्र परमार, विपिन पवार और कोच मनोज अहिरवार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार को पहला मैच सेट ऐनिस और शारदा स्कूल के मध्य खेला गया था, पहले ही हाफ में सेंट एनिस की ओर से आर्थव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 3 गोल किया। जिससे सेंट एनिस ने यह मुकाबला शारदा के खिलाफ 3-0 के अंतर से जीता। दूसरा मुकाबला सेंट मेरी और लूर्द माता स्कूल के मध्य बारिश की फुहारों के मध्य खेला गया। इस कांटे के मैच में लूर्द माता स्कूल की टीम ने सेंट मेरी स्कूल को 1-0 से हराया। सोमवार को पहला मैच दोपहर तीन बजे सेंट एनिस-लूर्द माता स्कूल और दूसरा मुकाबला पुष्प स्कूल और इछावर के मध्य खेला जाएगा।

श्रावण में शिव पुराण कथा का शुभारंभ, कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

श्रीराम मंदिर से निकाली कलश यात्रा में श्रद्धालु शामिल हुए, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

श्रावण मास के प्रारंभ के साथ ही नगर में धार्मिक आयोजनों का दौर शुरू हो गया है। रविवार को मार्केटिंग सोसाइटी परिसर में शिव पुराण कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा से पहले श्रीराम मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। नगर के प्रमुख मार्गों से निकली यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। भजनों और धार्मिक जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा में महिलाएं पीतांबर वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। वहीं श्रद्धालु शिव पुराण को सिर पर धारण कर नंगे पैर यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया।



शिव परिवार से सीखें प्रेम और सामंजस्य

कथा के प्रथम दिन कथा वाचक पंडित प्रमोद नागर ने परिवार और प्रेम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में परिवारों पर आधुनिकता और भौतिकता का प्रभाव बढ़ रहा है। ऐसे समय में हमें भगवान शिव के परिवार से प्रेरणा लेनी चाहिए। शिव परिवार में सभी सदस्यों के स्वभाव एक-दूसरे से विपरीत होने के बावजूद प्रेम, सम्मान और सामंजस्य बना रहता है। उन्होंने कहा कि परिवार को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक सदस्य को एक-दूसरे के स्वभाव और भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। प्रेम और अपनत्व से ही परिवार में एकता कायम रहती है। प्रेम की शक्ति का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि इसी प्रेम के कारण भगवान राम ने माता शबरी के प्रेम से अर्पित किए गए झूठे बेर भी स्वीकार किए।

कथा सुनने उमड़े सैकड़ों श्रद्धालु

शिव पुराण कथा के प्रथम दिन सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। कथा के समापन के बाद महाआरती हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से सहभागिता की। इसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। आयोजकों ने बताया कि शिव पुराण कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 1रू30 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। समिति सदस्यों ने नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

कांवड़ यात्रा में 13 किलोमीटर पैदल चले सैकड़ों कांवड़ियों ने गुप्तेश्वर महादेव का किया अभिषेक



माचलपुर। नगर से करीब 13 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गांव धानोदा के पास कालीसिंध नदी से जल भरकर गुप्तेष्वर महादेव मंदिर पहुंचकर अभिषेक किया। कांवड यात्रा में पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रतसिंह खींची भी सावन के पवित्र माह में अपने कांधे कांवड़ लेकर पैदल चल कर पहुंचे। पूर्व मंत्री श्री खींची के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक बड़ा काफिला चल रहा था, जिसमे पूर्व विधायक रामप्रसाद दांगी, कालू सिंह तोमर, जसवंत सिंह गुर्जर पोलखेडा जसवंत सिंह गुर्जर लिंबोदा, प्रकाशचंद्र पुरोहित सहित खिलचीपुर विधानसभा के अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए। कांवड़ यात्रा सर्व प्रथम धानोदा प्रवेश पर सरपंच घनश्याम गुर्जर ने जोरदार स्वागत किया। कावड़ यात्रा के दौरान रास्ते गोघटपुर, गोतमपुरा, बंदा सहित अनेक जगह जलपान करवा वा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। माचलपुर नगर में जगह जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे। कावड़ यात्रा का नगर में अनेक जगह स्वागत किया कावड़ यात्रा नगर के स्वय भू बाबा गुप्तेश्वर पहुंची। जहां नगर के दरबार परिवार ने यात्रा प्रमुख पूर्व मंत्री व सभी कावड़ यात्रियों का स्वागत किया। सभी कावडियो ने बाबा गुप्तेश्वर का जल अभिषेक कर महाआरती की पश्चात सभी ने महा प्रसादी ग्रहण की।

खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



खुजनेर। मालवा के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर में रविवार को कामिका एकादशी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी सुबह से ही मंदिर परिसर में दर्शन के लिए भक्तों ने लम्बी कतारों में लगकर दर्शन किए दिनभर मंदिर परिसर जय श्री श्याम के जयकारों से गूंजता रहा कामिका एकादशी के अवसर पर श्री खाटू श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया गया विशेष पूजा-अर्चना महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर बाबा श्याम के दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की। एकादशी के अवसर पर आसपास के क्षेत्रों के साथ ही दूर-दराज से भी श्रद्धालु पैदल निशान यात्रा लेकर खाटू श्याम मंदिर पहुंचे भक्तों ने बाबा श्याम को निशान अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं मांगीं। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाओं में भी सेवादार कार्यकर्ता जुटे रहे एकादशी पर दिनभर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद लिया मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं को 3 क्विंटल फलाहारी चिप्स का प्रसाद वितरण किया गया है।

मिलावटखोरी का धंधा जोरों पर

दूध, घी, मावा से लेकर तेल-खाद्य पदार्थों में मिलावट, सेहत पर हो रहा असर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मिलावटखोरी का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। दूध, घी, मावा, पनीर, खाद्य तेल, मसाले और अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं।इसके बावजूद मिलावटखोरों के खिलाफ प्रभावी और नियमित कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। त्योहारी सीजन के साथ ही मिलावटी खाद्य पदार्थों का कारोबार और तेज होने की आशंका रहती है। बाजार में बिकने वाले दूध और उससे तैयार होने वाले मावा, पनीर व घी की गुणवत्ता को लेकर उपभोक्ताओं में चिंता बनी हुई है। वहीं खाद्य तेल, मसालों और अन्य पैकेज्ड व खुले खाद्य पदार्थों में भी मिलावट की शिकायतें समय-समय पर सामने आती रही हैं। कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने के लिए कुछ कारोबारी कथित तौर पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से समझौता कर रहे हैं, जिसका सीधा असर आम लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कभी-कभार जांच और सैंपलिंग की कार्रवाई तो की जाती है, लेकिन नियमित निगरानी के अभाव में मिलावट का कारोबार पूरी तरह खत्म नहीं हो पा रहा है। कार्रवाई होने के बाद कुछ समय के लिए गतिविधियां थमती हैं, लेकिन बाद में स्थिति फिर जस की तस हो जाती है। लोगों ने प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग से मांग की है कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित जांच अभियान चलाया जाए। दूध डेयरियों, मावा-पनीर विक्रेताओं, किराना दुकानों, होटल-रेस्टोरेंट और खाद्य तेल विक्रेताओं से सैंपल लेकर उनकी जांच कराई जाए। जांच में मिलावट पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने वालों पर अंकुश लग सके।

इनका कहना है...

मिलावटी कारोबार करने वाले पर लगातार कार्रवाई की जा रही है सारंगपुर में जल्दी अभियान चलाकर चेक किया जाएगा।

सुरेंद्र खत्री, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजगढ़।

वाहनों के संबंध में कार्रवाई की जा रही

खनिज विभाग ने अवैध मुरुम से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर पुलिस को सौंपे



सारंगपुर। शनिवार देर रात खनिज विभाग राजगढ़ टीम ने क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से मुरुम भरकर परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा। दोनों वाहनों को कार्रवाई के लिए पुलिस थाना सारंगपुर के सुपुर्द किया गया है। पकड़े गए ट्रैक्टर चालकों की पहचान विकास पिता अनिल मेवाड़ा, निवासी किशनपुरा तथा शाहरुख पिता सलीम, निवासी सारंगपुर के रूप में बताई गई है। जानकारी के अनुसार, खनिज विभाग की टीम ने शनिवार रात क्षेत्र में जांच के दौरान मुरुम से भरी दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा। विभाग द्वारा वाहनों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में सारंगपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से मुरुम एवं अन्य खनिजों के उत्खनन और परिवहन की शिकायतें सामने आ रही हैं। पूर्व में भी इस संबंध में कई बार समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं। खनिज विभाग द्वारा समय-समय पर इक्का-दुक्का कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र में अवैध खनन का सिलसिला पूरी तरह थमता नजर नहीं आ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग को केवल छिटपुट कार्रवाई के बजाय अवैध खनन वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन पर प्रभावी रूप से रोक लग सके।

विश्व आदिवासी दिवस पर नीम, सीताफल जामुन, बेलपत्र, बहेड़ा का पौधरोपण किया



नरसिंहगढ़। प्रकृति संरक्षण परिवार आकाश एवं जय ओमकार भिलाला समाज संगठन ने यूएनओ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रेस्ट हाउस भैंसाटोल पहाड़ी पर पूर्व वर्ष की तरह पलास (खाखरा) के पौधे व पलाश के बीजों के साथ-साथ नीम जामुन बेलपत्र बहेड़ा सीताफल आदि की बीजरोपित किए गए। प्रकृति संरक्षण परिवार के संस्थापक व आकास प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम भिलाला द्वारा बताया गया है कि यह पलास के पौधे लगाने की प्रेरणा नरसिहगढ़ मे पदस्थ पूर्व एसडीएम सिद्धार्थ जैन से प्राप्त कर वर्ष 2019 से 2029 पलास अभियान के तहत इस पहाड़ी पर पलास लगाये जा रहे हैं जो की आज पिछले 7 वर्षों में पहाड़ी पर बहुतायत की मात्रा में 5 से 10 फीट के दिखाई देने लगे हैं निश्चित रूप से 2029 तक यह पेड बड़े-बड़े होकर इनमें मार्च माह में केसरिया फूल खिलने लगेंगे। जिसके कारण इस पहाड़ी को केसरिया पहाड़ी दिखने लगेगी। आज पौधरोपण में दिनेश भिलाला,दुलीचंद भिलाला, पप्पू सहरिया जयपाल सिंह हाडा रवि बाधवी विकास मालोनिया राजेश भिलाला अंश भिलाला गौरी भिलाला,दिनेश भिलाला यति भिलाला सौम्या भिलाला आदि द्वारा खोद खोदकर बीज व पौधे रोपित किए गए। वर्ष 2002 में इस पहाड़ी पर नीम की निम्बोली रोपित किए जाने से आज हजारों की संख्या में नीम के वृहद आकार में वृक्ष दिखाई दे रहें हैं।

यात्रियों में कुछ समय के लिए चिंता बढ़ी

रेलवे ट्रैक पर गोवंश आ गया, ट्रेन चालक की सूझबूझ से बच गई जान, हादसा टला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

रविवार को सारंगपुर से होकर गुजर रही ट्रेन के सामने अचानक एक गोवंश आ जाने से कुछ देर के लिए स्थिति चिंताजनक हो गई। हालांकि ट्रेन चालक की सतर्कता और सूझबूझ के चलते बड़ा हादसा होने से टल गया और गोवंश की जान बच गई। जानकारी के अनुसार रविवार को ट्रेन सारंगपुर रेलवे स्टेशन से आगे अपने निर्धारित मार्ग पर जा रही थी। इसी दौरान रेलवे ट्रैक पर अचानक एक गोवंश आ गया। चालक ने जैसे ही ट्रैक पर गोवंश को देखा, तत्काल सतर्कता बरतते हुए ट्रेन की गति कम कर दी। ट्रेन की रफ्तार धीमी होने से गोवंश को ट्रैक से हटने का मौका मिल गया और वह सुरक्षित बच गया। घटना के दौरान ट्रेन में सवार यात्रियों के बीच भी कुछ समय के लिए चिंता का माहौल बन गया था। लेकिन चालक की तत्परता के चलते किसी प्रकार की जनहानि या अप्रिय घटना नहीं हुई। गोवंश को बचाने के लिए ट्रेन चालक द्वारा दिखाई गई सजगता और मानवीय संवेदनशीलता की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। लोगों का कहना है कि रेलवे ट्रैक पर अचानक आने वाले पशुओं के कारण अक्सर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ऐसे में चालक की सतर्कता ने एक बेजुबान की जान बचाने के साथ ही संभावित रेल हादसे को भी टाल दिया।

दशपुर जागृति संगठन द्वारा 'आजादी की शाम क्रांतिकारियों के नाम' का आयोजन 14 को

मंदसौर। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त, संध्या 7:30 बजे महान क्रांतिकारियों को समर्पित एवं उनकी स्मृतियों को चिरस्थायी रखने वाला देश का प्रथम संगठन लगातार अपना 17वां कार्यक्रम 'आजादी की शाम क्रांतिकारियों के नाम' स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित करेगा। इस कार्यक्रम को अपनी पेंशन से लगातार 17 वर्षों से आयोजित करने वाले राजाराम तंवर द्वारा इसे आयोजित किया जाता है। इस संबंध में एक वृहत बैठक संगठन कार्यालय पर रविवार को आयोजित की गई, जिसमें राजाराम तंवर ने कार्यक्रम के लिए नगर के सभी देशभक्तों को आमंत्रित किया है।

यह कार्यक्रम 14 अगस्त की संध्या 7:30 बजे गांधी चौराहे पर आयोजित होगा। बरसात होने की दशा में कार्यक्रम नगरपालिका सभागार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर मुख्य अतिथि रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एन. एस. राजावत (पूर्व अपर कलेक्टर) करेंगे। विशेष अतिथि महेंद्र प्रताप सिंह परिहार (पूर्व टीआई मंदसौर व संस्थापक, मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर संघ मंदसौर) तथा विशेष अतिथि डॉ उर्मिला तोमर (संस्थापक, सार्थक सोशल वेलफेयर सोसाइटी मंदसौर) उपस्थिति प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में विशेष 16 मशालों का प्रज्वलन एवं क्रांति कथाओं का पूजन तथा देशभक्ति गीतों से सजा हुआ यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

निर्णयों में अपनी सहभागिता दी

बैठक की अध्यक्षता राजाराम तंवर, संगठन अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पौराणिक, कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा, संगठन के परामर्शदाता अजीज उल्ला खान खालिद, उपाध्यक्ष बी. एस. सिसोदिया, कोषाध्यक्ष आर. सी. पांडे, संरक्षक रवींद्र पांडे, संयोजक सत्येंद्र सिंह व विशेष सहयोगी सुरेश गुप्ता ने की और बैठक के निर्णयों में अपनी सहभागिता दी।

पेड़-पौधे लगाकर प्रकृति का ऋण चुकाना हमारा महत्वपूर्ण दायित्व है: बिन्दु चन्द्रे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

हरियाली ईश्वर की अनुपम देन है, हरियाली देखकर मन आनंद से भर जाता है। इसलिए वर्षा काल में इस प्रकृति का ऋण चुकाने का सबसे अच्छा अवसर है कि हम अधिकतम पौधे लगाएं क्योंकि पौधे ही प्रकृति का संतुलन बनाए रखने का एकमात्र शक्तिशाली साधन है। इसी से समस्त प्रकार के मौसम समन्वित और नियंत्रित होते हैं। उक्त विचार व्यक्त करते हुए ब्राह्मण समाज की वरिष्ठ श्रीमती बिंदु चंद्रे ने कहा कि जहां तक बने पृथ्वी पर वृक्षारोपण करना मनुष्य का धर्म है, यद्यपि हम मनुष्य लोग पक्षियों के बराबर वृक्षारोपण नहीं कर सकते किंतु इस वर्षा ऋतु में कुछ पौधे लगाकर हम उनके कार्य में सहयोगी बन सकते हैं। स्थानीय परशुराम महिला मंडल की सभी महिलाएं कला एवं साहित्य के क्षेत्र में बहुत विशेष योग्यता रखती है किंतु प्रकृति प्रेम में उनका सहयोग अत्यंत ही अभिनंदनीय है। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज की वरिष्ठ गीता दुबे, सीमा पाठक, संगीता जोशी, चंद्रकला शर्मा, प्रियंका मोड, अंजना शर्मा, पूनम शर्मा आदि ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

परशुराम महिला मंडल मंदसौर द्वारा पौधारोपण



परिहार बने प्रखंड प्रचार-प्रसार प्रमुख

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल मंदसौर विभाग की दो दिवसीय बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़/मंदसौर

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल मंदसौर विभाग की दो दिवसीय बैठक सिंधु महल मंदसौर में सम्पन्न हुई, विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल मालवा प्रांतीय मंत्री विनोद शर्मा, विभाग मंत्री अनुपालसिंह झाला, विभाग संयोजक खुमान सिंह सिसोदिया, जिला मंत्री गोवर्धन सिंह नेतृत्व मे बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें संगठन की रीती नीति के अनुसार रविवार को विभाग बैठक मंदसौर हुई जिसमें प्रांतीय मंत्री, विभाग मंत्री व जिला मंत्री के समक्ष जिला व प्रखंड की घोषणा की गई, जिसमें गरोठ जिला गौ रक्षा प्रमुख अभिषेक बैरागी, रोड़ सिंह सालरी जिला मिलन प्रमुख,जिला विधार्थी प्रमुख मर्दुल मांदलिया, जिला सेवा प्रमुख सर्वेश त्रिवेदी, राजू परिहार जिला सह प्रचार प्रसार प्रमुख, शामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष बालूसिंह, गोविन्दसिंह परिहार(पत्रकार) प्रखंड प्रचार प्रसार प्रमुख, निर्मलसिंह प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख,गरोठ प्रखंड मंत्री लक्षणसिंह, सुवासरा प्रखंड संयोजक नितेश सोनी व अन्य नविन नविन दायित्व दिये गए हैं ।



मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने डाइट में आयोजित किया गुरु वंदन समारोह

गुरु केवल पाठ पढ़ाने वाला नहीं, संस्कारों का संवाहकः आर.डी.जोशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर





गुरु केवल पाठ पढ़ाने वाला शिक्षक नहीं, बल्कि संस्कारों का संवाहक, जीवन का मार्गदर्शक और राष्ट्र निर्माण का आधार है। भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सदैव सर्वोच्च रहा है। जब ज्ञान के साथ संस्कार और चरित्र का निर्माण होता है, तभी शिक्षा सार्थक होती है। यह विचार मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, ब्लॉक शाखा मंदसौर द्वारा जिला प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), मंदसौर में आयोजित गुरु वंदन समारोह में मुख्य वक्ता आर. डी. जोशी ने व्यक्त किए। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से संबद्ध मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा आयोजित इस समारोह में भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा, ज्ञान, संस्कार, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुआ। इसके पश्चात अंकित राठौर ने मधुर स्वर में मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मुख्य वक्ता आर. डी. जोशी ने कहा कि प्राप्त ज्ञान को अपने तक सीमित रखना उचित नहीं है। अपने ज्ञान को कम से कम दस लोगों तक पहुंचाना ही गुरु के प्रति सच्ची गुरुदक्षिणा है। उन्होंने कहा कि माता-पिता, शिक्षक, पुस्तकें, अनुभव और प्रकृति—जीवन के पांच महत्वपूर्ण गुरु हैं। आज ए.आई. और आधुनिक तकनीक ज्ञान उपलब्ध करा सकती है, लेकिन संस्कार, संवेदना, अनुशासन और मानवीय मूल्यों का निर्माण शिक्षक ही कर सकता है।

वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी के निधन पर श्रद्धांजलि



मंदसौर। प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार, रतलाम प्रेस क्लब, के पूर्व अध्यक्ष शरद जोशी का रविवार, 9 अगस्त को 75 वर्ष की आयु में इंदौर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन का समाचार मिलते ही पत्रकारिता, सहकारी और सामाजिक क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। मंदसौर जिला प्रेस फोरम के अध्यक्ष गायत्री प्रसाद शर्मा, आंचलिक पत्रकार संघ के प्रदेश सचिव अब्दुल वाहिद रईस, आंचलिक पत्रकार संघ मंदसौर के जिला अध्यक्ष तुलसीराम राठौड़, आदि ने दुःख जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

खबर संक्षेप

वॉलंटियर्स का सात दिवसीय सिविल डिफेंस प्रशिक्षण संपन्न

सीहोर। होमगार्ड्स लाइन में आयोजित सात दिवसीय सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण में जिले के 150 सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स ने भाग लिया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर होमगार्ड कमांडेंट नीलमणि लाड़िया, कमांडर अशोक पाटीदार, महेंद्र वर्मा एवं सीएस चंदेरिया ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए और सभी प्रतिभागियों को आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में आमजन की सहायता के लिए करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में राजस्व विभाग के विजय सिंह, स्वदेश विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

निशुल्क कोचिंग के लिए पंजीयन प्रारंभ

सीहोर। आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा द्वारा सीहोर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए यूपीएससी और एमपीपीएससी का नया निशुल्क बैच प्रारंभ होने जा रहा है। नए सत्र के लिए 11 से 18 अगस्त तक पंजीयन किए जा रहे हैं। इच्छुक विद्यार्थी शासकीय रवींद्र सांस्कृतिक भवन (टाउन हॉल) स्थित लाइब्रेरी में प्रातः 08 से 10 बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही मोबाइल नंबर 9630226814, 8462989657 पर संपर्क कर सकते हैं।

बूझो जानो फिर देखो अपना मध्यप्रदेश की तर्ज पर हुआ पर्यटन क्विज

सीहोर। एमपी टूरिज्म बोर्ड, जिला प्रशासन, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, शिक्षा विभाग और राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा सीहोर के पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 145 शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के दलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई। प्रथम चरण में लिखित परीक्षा हुई, जिसके आधार पर 6 टीमों का चयन किया गया। इस राउंड में बूझो जानो फिर देखो अपना मध्यप्रदेश की तर्ज पर पर्यटन से संबंधित प्रश्नों के आधार पर 10 राउंड में आयोजित किए गए।

फिसलन भरे रास्ते पर आए दिन हो रहे हादसे, ग्रामीणों में आक्रोश

तीन मौतों के बाद भी बारिश में मानाखेड़ी बोरखेड़ा पुल पर सुरक्षा भगवान भरोसे

अधूरे पुल के कारण हाल ही में सुरेश, केदार सिंह और सुमन बाई की जान जा चुकी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी





मानसून को लेकर एक ओर जिला प्रशासन सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार लोगों को रपटों, पुल-पुलियों और जोखिम वाले स्थानों से दूर रहने की नसीहत दे रहा है। वहीं दूसरी ओर कोठरी क्षेत्र के मानाखेड़ी-बोरखेड़ा के बीच पार्वती नदी पर बने जर्जर पुल की हालत प्रशासनिक दावों की पोल खोल रही है। यहां तीन लोगों की जान जाने के बाद भी सुरक्षा के नाम पर न बैरिकेडिंग है, न चेतावनी बोर्ड और न ही पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम।

तीन मौतें, फिर भी नहीं जागे जिम्मेदार

बताया जा रहा है कि इस खस्ताहाल और अधूरे पुल के कारण हाल ही में सुरेश, केदार सिंह और सुमन बाई की जान जा चुकी है। हादसों के बाद भी पुल की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं होना जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुल पर पहले डामर डालकर रास्ते को दुरुस्त करने की कोशिश की गई, लेकिन हादसे के बाद रातों-रात डामर उखाड़ दिया गया। अब पुल पर चढ़ते समय सड़क की स्थिति इतनी खराब और फिसलन भरी है कि वाहन चालकों के लिए यह रास्ता फिसल पट्टी बन गया है। आए दिन वाहन चालक संतुलन बिगड़ने से गिर रहे हैं।

मौके पर सुरक्षा गायब

कलेक्टर बालगुरू के. द्वारा मानसून को देखते हुए अधिकारियों को पुल-पुलियों की निगरानी करने तथा जोखिम वाले क्षेत्रों में आवश्यक सुरक्षा एवं अलर्ट व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सवाल यह है कि यदि निर्देश जारी हो चुके हैं तो मानाखेड़ी-बोरखेड़ा पुल पर उनका असर नजर क्यों नहीं आ रहा। तीन मौतों के बाद भी एक चेतावनी बोर्ड तक नहीं लगना क्या प्रशासनिक संवेदनहीनता नहीं है।

समाजसेवियों ने उठाई आवाज

वरिष्ठ समाजसेवी अर्जुन सिंह पटेल, पूर्व जनपद प्रधान प्रतिनिधि कैलाश पटेल सहित स्थानीय ग्रामीण लंबे समय से पुल पर सुरक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। लोगों की मांग है कि जब तक नए पुल का स्थायी निर्माण पूरा नहीं होता, तब तक पुराने पुल पर रेलिंग, बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाए, ताकि किसी और परिवार का चिराग न बुझे। पूर्व जनपद प्रधान प्रतिनिधि कैलाश पटेल ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर इस गंभीर समस्या के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

सड़क किनारे बिजली के पोल

ग्रामीणों का आरोप है कि पुल के आसपास सड़क किनारे लगाए गए बिजली के पोल भी व्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से नहीं किए गए हैं। ऐसे में बारिश के दौरान यह स्थिति और अधिक जोखिमपूर्ण हो सकती है। ग्रामीणों ने संबंधित विभागों से पूरे क्षेत्र का सुरक्षा ऑडिट कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि तत्काल सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए और पुल निर्माण की प्रक्रिया युद्धस्तर पर शुरू नहीं हुई तो क्षेत्रवासी आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

स्थायी काम सेतु विभाग करेगा: एसडीओ

मामले में आष्टा क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ अनमोल मिश्रा से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि खबर प्रकाशन के बाद उन्होंने मौके का निरीक्षण किया था और आवश्यक सुधार कार्य भी कराया गया। उनका कहना है कि पुल का निर्माण सेतु विभाग द्वारा किया जाना है। पुल क्रॉस करने के बाद जहां रोड का हिस्सा छूटा हुआ है, वहां अस्थायी कार्य किया गया है, जबकि स्थायी कार्य सेतु विभाग द्वारा किया जाएगा।

यजमानों ने लिया राष्ट्र, धर्म व संस्कृति की सेवा का संकल्प

सात दिवसीय श्रावणी महोत्सव का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आर्य समाज मंदिर, महर्षि दयानंद मार्ग, गंज, सीहोर में 3 अगस्त से 9 अगस्त तक आयोजित सात दिवसीय वेद प्रचार सप्ताह एवं श्रावणी महोत्सव का समापन वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञ, भजन एवं प्रेरणादायी उपदेशों के साथ हुआ।

समापन समारोह में आचार्या अमृता आर्या के ब्रह्मत्व में 101 जोड़े यजमानों ने देव यज्ञ में श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। यज्ञ के पश्चात सभी यजमानों ने अपने जीवन को सदैव राष्ट्र, धर्म एवं भारतीय संस्कृति की सेवा के लिए समर्पित रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर वैदिक मंत्रों की पवित्र ध्वनि से पूरा वातावरण आध्यात्मिक एवं राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सह पत्नी यज्ञ में सम्मिलित हुए तथा बाद में आपने अपने उद्बोधन में सनातन धर्म की रक्षा में आर्य समाज के योगदान की चर्चा की। कार्यक्रम का प्रतिदिन मंच संचालन मंत्री श्री रितेश राठौर ने अत्यंत कुशलता एवं प्रभावी ढंग से किया। उनके सुव्यवस्थित संचालन से सातों दिन के कार्यक्रमों में निरंतर उत्साह और गरिमा बनी रही।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर आर्य समाज गंज के प्रधान नरेश चंद्र आर्य ने सभी सम्मानित सदस्यों, अतिथियों, यजमानों एवं श्रद्धालुओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान करना नहीं, बल्कि समाज में वैदिक संस्कार, नैतिकता, राष्ट्रप्रेम और मानव सेवा की भावना को मजबूत करना है।

इस अवसर पर उपप्रधान तरुण जगवानी, मंत्री आर्य रितेश राठौर, कोषाध्यक्ष राजकुमार राठौर, नरेंद्र आर्य, राजेंद्र आर्य, रमेश आर्य, रमेश चंद्र आर्य, बाबूलाल आर्य, रामदीन आर्य, रामदयाल आर्य, रामस्वरूप गौर, बाला प्रसाद गौर, शम्मी आर्य, विकास आर्य, विकास राठौर, वैभव आर्या, आर्यमन राठौर, राकेश राठौर, राजीव आर्य, संजीव आर्य, प्रदीप आर्य, संजय आर्य, हरीश राठौर, माखन परमार, द्वारका प्रसाद वर्मा, संदीप आर्य, देवकरण परमार, संदीप परिहार, मीना आर्य, वर्षा राठौर, हर्षा राठौर, गायत्री देवी, राजेश्वरी देवी, श्वेता राठौर सहित आर्य समाज के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

क्षत्रिय मेवाड़ राजपूत समाज के अध्यक्ष बने दशरथ सिंह राजपूत



आष्टा। क्षत्रिय मेवाड़ राजपूत समाज आष्टा की छात्रावास में पूर्व नेमावर समिति अध्यक्ष स्व. देवीसिंह मेम्बर को श्रद्धांजलि दी गई व मीटिंग रखी गई, जिसमें समाज से सभी वरिष्ठजन उपस्थित रहे व सर्व समाज की सहमति से दशरथ सिंह राजपूत सेवानिवृत्ति तहसीलदार को क्षत्रिय मेवाड़ राजपूत समाज का क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त कर कार्यकारणी अध्यक्ष नरसिंह मेवाड़ा पूर्व जनपद सदस्य को बनाया गया। जीवन सिंह डूका को सचिव नियुक्त किया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा केंद्रीय समिति उपाध्यक्ष मेहरवान सिंह नेताजी शिवनारायण लोरास, दिलीप सिंह छात्रावास अध्यक्ष,जटाल सिंह, युवा संगठन अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह मुन्दीखेड़ी, मोरसिंह मारसाब,बाबूलाल सरपंच,हरिनारायण अध्यापक दुपाड़िया,दशरथ सिंग राजपूत मोलूखेड़ी,जोरावर पटेल खेड़ी, महेश भैया सुलखेड़ी, निर्मल पटेल आनंदीपुरा, महेश राजपूत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष,रमेश मेवाड़ा लसूडलिया,एलकार राजपूत,दीपसिंह छोटी लोरास, दिग्विजय राजपूत,सजन सिंह सरपंच,अरविंद जताखेड़ मौजूद रहे।

पार्वती नदी के उद्गम स्थल से निकली कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पवित्र श्रावण मास के द्वितीय सोमवार के पावन अवसर पर संपूर्ण क्षेत्र में भगवान भोलेनाथ के भक्तों में अपार उत्साह और भक्ति का माहौल देखा गया। तड़के से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी, जहां हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। प्रातःकाल से शुरू हुआ कांवड़ यात्राओं का सिलसिला देर शाम तक निरंतर जारी रहा।

श्रावण सोमवार के विशेष पर्व पर ग्राम बालाखेड़ा स्थित मां पार्वती नदी के उद्गम स्थल से कांवड़ियों का एक जत्था जल भरकर रवाना हुआ। बोल बम के नारों और धार्मिक ध्वजों के साथ निकला यह जत्था क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होता हुआ आगे बढ़ा। कावड़ यात्रा पटाड़ा चौहान, खजुरिया कासम, नीलबड़ सहित आसपास के कई ग्रामीण अंचलों से गुजरी, जहां स्थान-स्थान पर ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर कांवड़ियों का उत्साहवर्धन किया। गंज चौराहा पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ मित्र मंडल द्वारा कांवड़ यात्रा में शामिल पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह पटाड़ा, सवाईसिंह ठाकुर, वीरेंद्रसिंह ठाकुर, अभिराज पटाड़ा सहित अन्य कावड़यिों का पुष्पमालाएं पहनाकर और दुपट्टा डालकर स्वागत किया। इस अवसर पर पुखराजमल मेहता, देशचंद्र वोहरा, मनीष धारवां, सुमित मेहता, पवन वर्मा आदि मौजूद थे।

तपोभूमि देवबड़ला में दूसरे सावन सोमवार पर कलश कांवड़ यात्रियों ने किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बिलपान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवबड़ला पोहचे मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगत ने बताया तुम जरा जरा सी परेशानियों से घबरा जाते हो थोड़ा सा दुःख मिला तो पगला जाते हो तनाव में आ जाते हो विषाद में पड़ जाते हो परेशानियों को सहन नहीं कर पाते हो।

देखो अपने आराध्य देव शिव को शमशान की भभूत शरीर पर गले में भयानक नाग विषपान से समस्त कंठ नीला लेकिन अविचलित ध्यान मगन चेहरे पर परम शांति यही सीखना है। हम ने अपने आराध्य देव से दुःख में कष्ट में विचलित न होना अपना मानसिक संतुलन रखना शांत रहना याद रखें। सुख और दुःख मन की अवस्थाएँ हैं हो सकता है कि हमारा मन सुख में भी दुःखी रहे और दुःख में प्रसन्न रहे। लेकिन हम को सुख और दुःख दोनों में समन्वय करना है दोनों में समान रहना है मेघ की तुम गर्जना हो प्रार्थना हो अर्चना हो भोर की तुम लालिमा हो रात्रि की तुम कालिमा हो। धर्म तुम हो कर्म हो जिंदगी का मर्म तुम हो।

पल पल की राखो पाल हे दयालु हे कृपालु शिव ही सत्य है। देवबड़ला स्मारक इंतजार कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया देवाधिदेव महादेव भूत भावन भगवान शंकर की आराधना का पर्व साधना आस्था श्रद्धा विश्वास का पवित्र श्रावण मास मे क्षेत्र की माता बहने व भक्ति जन इमलीपुरा मेहतवाड़ा से इन सभी भगतों ने 25 मिनट में दौड़ते हुए 10 किलोमीटर यात्रा करते हुए तपोभूमि देव बड़ला पहुंच कर बाबा विलवैश्वर महादेव को जल अर्पण किया।

बाबा महादेव इन भक्तों की मनोकामना जरूर पूरी करते हैं मुन्डलाआना, पगारीया हाट आदि गांवों से कावड़ कलश में जल लेकर बाबा महादेव को चढ़ाने पैदल आते हैं बाबा का जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख शांति एवं समृद्धि के लिए मंगलकामनाएं करते हैं।

सिविल अस्पताल के डॉक्टरों ने पेट से निकाली गांठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सिविल हॉस्पिटल आष्टा में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की टीम ने आधुनिक चिकित्सा तकनीक का प्रदर्शन करते हुए एक महिला मरीज को पेट के निचले हिस्से में असहनीय दर्द और गर्भाशय की गंभीर बीमारी से मुक्ति दिलाई है। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित माथुर के मार्गदर्शन में शल्य चिकित्सक डॉ. भूपेंद्र परमार, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. जयदीप सिंह सिसोदिया एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. माधुरी राय की संयुक्त टीम द्वारा अत्याधुनिक वेसल सीलर पद्धति से टोटल एब्डोमिनल हिस्टेरेक्टॉमी विद बायलैटरल सालिपंगो-ऊफोरेक्टॉमीकी सफल सर्जरी की गई।

मरीज का ऑपरेशन 8 अगस्त को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ था, और महज 48 घंटे में पूरी तरह स्वस्थ होने पर उन्हें 10 अगस्त को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, आष्टा निवासी आबिदा बी पति अब्दुल रऊफ खान पिछले लंबे समय से पेट के निचले हिस्से में लगातार और असहनीय दर्द की समस्या से पीड़ित थीं। चिकित्सीय जांच में पाया गया कि मरीज को बल्की यूट्रस विथ मल्टीपल यूट्राइन फाइब्रॉएड की गंभीर बीमारी थी। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित माथुर के मार्गदर्शन में शल्य चिकित्सक डॉ. भूपेंद्र परमार, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. जयदीप सिंह सिसोदिया एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. माधुरी राय की विशेष टीम ने स्थिति का गहन परीक्षण कर टोटल एब्डोमिनल हिस्टेरेक्टॉमी विथ बायलैटरल सालिपंगो-ऊफोरेक्टॉमी करने का निर्णय लिया।

मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित माथुर के कुशल मार्गदर्शन में इस जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देने में विशेषज्ञ डॉक्टरों और पैरामेडिकल टीम का विशेष योगदान रहा। शल्य चिकित्सक डॉ. भूपेंद्र परमार, डॉ. जयदीप सिंह सिसोदिया, डॉ. माधवी राय, वरिष्ठ नर्सिंग ऑफिसर अंजू रामटेके, ओटी टेक्नीशियन शपरमानंद वर्मा, नर्सिंग ऑफिसर प्रज्ञा ठाकरे, बेला कुमारी एवं समस्त अस्पताल स्टाफ का हृदय से आभार व्यक्त किया है। इस सफल ऑपरेशन से क्षेत्रीय मरीजों में सिविल हॉस्पिटल आष्टा की स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति विश्वास और गहरा हुआ है।

जैन मंदिर में समाजजनों को जिनवाणी का रसपान कराया

पेट को कितना भी बेस्ट दो सब वेस्ट ही होना है: श्रीजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



महिदपुर रोड राजेंद्र सुरि ज्ञान मंदिर में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी डॉ अमृतरसा श्रीजी महाराज आदि ठाणा ने सोमवार को उपस्थित समाज जनों को जिनवाणी का रसपान कराते हुए कहा कि इस संसार में प्रतिदिन हम करोड़ों जीवो को मारने का प्रोडक्शन कर रहे हैं। बिना छाने पानी पीने से सात गांव को जलाने जितना पाप लगता है। साध्वी ने बताया कि अनछाने पानी की एक बूंद में 36450 जीव होते हैं। जिमीकंद के बारे में समझाते हुए ।कहा कि अनंता अनंत, जीवो को करने का पाप इस जमीकंद को खाने से लगता है। आपको अगर नरक की सजा लेना हो तो ही जमीकंद के मजे लेना।

इस पेट को कितना भी खिला दो सब वेस्ट ही होना है। इसलिए चातुर्मास में धर्म आराधना तप साधना करके जीवन को बना लो बेस्ट नहीं तो हमारा मनुष्य जीवन हो जाएगा वेस्ट, हम परमात्मा महावीर के अनुयाई है। हमें परमात्मा की बात को मानना है। नहीं तो हमें नरक में परमाधामी की बात को मानना पड़ेगा। धर्म करने का कोई समय नहीं होता है। हम जब जागे जब ही सवेरा है, क्योंकि कल और काल का कोई भरोसा नहीं है। प्रभु की कृपा से मानव भव मिला है। तो प्रभु के बताए हुए मार्ग पर चलकर ही सफल हो सकता है।महिदपुर रोड जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज की साधार्मिक भक्ति प्रभावना एवं संपूर्ण दिवस का लाभ संजय कुमार, नमन कुमार चौरडिया परिवार, एवं प्रभावना का लाभ इंद्रमल, राजेंद्र कुमार छजलानी परिवार पेटलावद वालों द्वारा लिया गया। साध्वी डॉ अमृतरसा श्रीजी के प्रवचन प्रतिदिन 9:30 से 10:30 बजे महिदपुर रोड स्थित श्री राजेंद्र सुरि ज्ञान मंदिर में हो रहे है। इस मंगलकारी अवसर पर सकल जैन श्री संघ, पंजाबी, पोरवाल, सिख , ब्राह्मण, माहेश्वरी आदि अन्य समाज के श्रद्धालु भी उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

सावन सोमवार: बारिश में प्राचीन शंकर मंदिर में पहुंचे हजारों भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सावन के दूसरे सोमवार को बारिश के बावजूद शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। शहर के प्राचीन शंकर मंदिर में 8 हजार से अधिक भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। सुबह से ही श्रद्धालु कतार में लगकर जलाभिषेक और पूजा-अर्चना करते रहे।

मंदिर में लगी कतारें

आष्टा के प्राचीन शंकर मंदिर को सावन सोमवार के लिए आकर्षक रूप से सजाया गया था। सुबह से बारिश होने के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। भक्त कतारबद्ध होकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करते रहे। श्रद्धालुओं ने अलसुबह से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। उन्होंने बेलपत्र, पुष्प और अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर परिवार की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर में दिनभर विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजन हुए। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में भी विशेष सजावट की गई थी।

ग्रामीण क्षेत्रों से निकलीं कांवड़ यात्राएं

आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालु पवित्र जल लेकर कांवड़ यात्राओं के साथ शंकर मंदिर और अन्य शिवालयों की ओर पहुंचे। ढोल, डीजे और भजनों के साथ निकलीं कांवड़ यात्राओं में श्रद्धालु हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारे लगाते रहे। पूरे दिन नगर में बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे।